nandgaon times feb-11-04.qxd 2/10/2025 11:55 PM Page 1

राजनीति नहीं संस्कारधानी का... पृष्ठ 2 | राष्ट्र की प्रथम नागरिक ने महाकुंभ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

मंगलवार, 11 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 119, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए


## छत्तीसगढ़ के 10 नगरीय निकायों में आज वोटिंग, महिला मतदाता तय करेंगी उम्मीदवारों का भविष्य

**रायपुर।** रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। ऐसे में इस बार के निकाय चुनावों में महिलाओं की भागीदारी एक निर्णायक भूमिका निभा सकती है। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव में इस बार महिला मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रहेगी। 14 नगर निगमों में से दस में चुनाव होने हैं, इसमें से आठ में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। नगरीय निकायों में 44,74,269 शहरी मतदाताओं में से 22,00,525 पुरुष, 22,73,232 महिला और 512 अन्य मतदाता हैं। वर्ष 2004 में हुए पहले नगरीय निकाय चुनाव में कुल 28 लाख 34 हजार 547 मतदाता थे। 2019 के निकाय चुनावों की तुलना में इस बार पांच लाख अधिक मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। पिछले चुनाव में पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक थी, लेकिन इस बार यह स्थिति उलट गई है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। कोरबा और चिरमिरी नगरपालिक निगम में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है। चुनावी विश्लेषकों का मानना है कि महिला मतदाताओं की बढ़ती संख्या राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर




सकती है। आमतौर पर महिलाएं मतदान के प्रति अधिक गंभीर रहती हैं और उनका मतदान प्रतिशत पुरुषों की तुलना में अधिक रहता है। ऐसे में इस बार के निकाय चुनावों में महिलाओं की भागीदारी एक निर्णायक भूमिका निभा सकती है। प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में पहले ही आदेश जारी किया जा चुका है। इसमें कहा गया है कि 11, 17 और 20 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह अवकाश उन क्षेत्रों में लागू होगा जहां मतदान होना है। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि 23 फरवरी को भी मतदान होना है।

हालांकि इस दिन रविवार है, इसलिए अलग से सामान्य अवकाश की घोषणा नहीं की गई है। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 433, जनपद पंचायत सदस्य के 2973, ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11,672 और वार्ड (पंच) के 1,60,180 पदों के लिए मतदान कराए जाएंगे। नगरीय निकायों के निर्वाचन दलीय आधार पर होंगे। वहीं, त्रिस्तरीय पंचायतों का निर्वाचन गैरदलीय आधार पर होंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान 17, 20 और 23 फरवरी और मतगणना 18, 21, 24 को होगी।




## राष्ट्र की प्रथम नागरिक ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

अरविन्द तिवारी

**प्रयागराज ( नांदगांव टाइम्स )** । कुंभनगरी में चल रहे महाकुंभ में आज महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी त्रिवेणी संगम पहुंचकर पूरी आस्था के साथ डुबकी लगाई। पावन स्नान करने से पहले राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में पुष्प और नारियल अर्पित किया और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर प्रणाम किया। उन्होंने मां गंगा , मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुये एक के बाद एक कई बार पवित्र जल में डुबकी लगाई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच उन्होंने संगम त्रिवेणी का दुग्धाभिषेक किया और अक्षत , नैवेद्य , पुष्प , फल , और लाल चुनरी अर्पित करते हुये विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहां मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उन्हें कलावा बांधकर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति लेटे हुये हनुमान मंदिर पहुंचीं और आरती की , फिर अक्षयवट धाम पहुंची और दर्शन-पूजन किया। यह लेटे हुये मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और माना जाता है कि यहां दर्शन करने से जीवन की सभी बाधायें दूर हो जाती हैं। वहीं अक्षयवट को हिन्दू धर्म में अमरता का प्रतीक माना जाता है और इसकी महिमा अनेक पुराणों में भी वर्णित है। राष्ट्रपति ने डिजिटल कुम्भ अनुभूति केंद्र का अवलोकन किया , इस दौरान राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी भी थे। राष्ट्रपति के महाकुंभ में दौरे को लेकर महाकुंभ क्षेत्र में वाहनों के आवागमन और नावों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया था। यहां व्यवस्थाओं के अनुसार अरैल , संगम , किले और बड़े हनुमान मंदिर जाने वाले मार्गों पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहा। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुये प्रयागराज मेला प्राधिकरण और जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां कर रखी थीं और सुरक्षा के लिहाज से संगम क्षेत्र में ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की गई। गौरतलब है कि महामहिम राष्ट्रपति का विशेष विमान आज सुबह बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ , जहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद वे



हेलिकॉप्टर से अरैल स्थित डीपीएस हेलीपैड पर उतरीं , जहां से उन्हें कार द्वारा अरैल घाट ले जाया गया। यहां से वे क्रूज पर सवार होकर वह त्रिवेणी संगम पहुंचीं और स्नान किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने डेक पर खड़े होकर नौका विहार का आनंद भी लिया और अपने हाथों से पक्षियों को दाना खिलाया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें महाकुम्भ के आयोजन और इससे जुड़ी अनेक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी। प्रयागराज में स्नान और सभी जगह दर्शन - पूजन करने के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति हेलीकॉप्टर से बमरौली और वहां से दिल्ली के लिये रवाना हो गई। बताते चलें कि द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुंभ में स्नान किया। इससे पहले वर्ष 1954 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था और अब द्रौपदी मुर्मू ने इस गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाया है।

### कलेक्टर ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला



निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र की मजबूती में हर मतदाता की अहम भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं और नए मतदाताओं को विशेष रूप से लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया है। कलेक्टर ने हर मतदाता को मतदान में अपनी भागीदारी निभाने और अपने आस-पास के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया है।

### भाजपा ने मतदान की चुनावी तैयारियां पूरी की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव व नगर निगम क्षेत्र में पार्षदों का चुनाव लड़ रहे सभी 51 प्रत्याशियों के लिये कल संपन्न हो रहे सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक के मतदान की सम्पूर्ण तैयारियां पूरी कर ली है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पार्टी की ओर से सभी 51 वार्डो में मतदान केन्द्र के समीप पंडाल की व्यवस्था की गई है, साथ ही मतदान केन्द्र के भीतर बैठने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं के नाम तय करके उन्हे प्रशिक्षित भी किया जा चुका है।




अपील ... अपील ... अपील ...

प्रिय संस्कारधानी राजनांदगांव वासियों ...

यह शहर केवल इमारतों और सड़कों का नाम नहीं है, यह हमारी संस्कृति, परंपरा और हमारे साझा सपनों का प्रतीक है। यहाँ के प्रत्येक नागरिक में संस्कार की अद्भुत छवि देखने को मिलती है। इस धरती ने अनेक महापुरूषों को जन्म दिया है। मैं, आपका विनम्र सेवक, भाई, साथी, कमलेश स्वर्णकार, आपके बीच से, आपकी सेवा के लिए, आपके विश्वास के साथ एक नई दिशा में कदम बढ़ा रहा हूं।

राजनांदगांव की आत्मा इसकी जनता है आप हैं। आपका हर संघर्ष, हर उम्मीद, और हर उपलब्धि इस शहर की धड़कन है। बतौर पत्रकार, मैंने हमेशा आपकी आवाज को बुलंद किया है, आपकी तकलीफों को समझा है, और आपके हक की लड़ाई में साथ दिया है। आज, उसी भावना के साथ, मैं आपके सेवक के रूप में आपके सामने खड़ा हूँ, ताकि हम मिलकर इस शहर को और बेहतर बना सकें।

यह शहर हमारा परिवार है, इसकी हर गली, हर चौक, हर मोहल्ला हमारी पहचान है। आपके विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद से ही हम अपने राजनांदगांव को और बेहतर बना सकते हैं। हम सभी ने मिलकर इस शहर को संवारने का सपना देखा है साफ-सुथरी सड़कें, सुंदर बगीचे, सुरक्षित माहौल, रोजगार के नए अवसर और युवाओं के लिए सुनहरा भविष्य। मैं इसी सपने को साकार करने के लिए आपका साथ माँगता हूँ। यह चुनाव केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे राजनांदगांव के विकास का चुनाव है।

मैं कोई बड़े-बड़े वादे करने वाला नेता नहीं हूँ, मैं आपका अपना हूँ, जो आपके हर दर्द को महसूस कर सकता हूँ, आपकी हर उम्मीद को अपना कर्तव्य समझता हूँ। मेरा संकल्प है कि मैं आपकी आवाज उठाऊँगा, आपकी समस्याओं का समाधान ढूँढूँगा और राजनांदगाँव को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाऊँगा। यह शहर हमारा परिवार है और एक परिवार के रूप में हम इसे और मजबूत और खुशहाल बनाएंगे।

- "आपका सपना, मेरी जिम्मेदारी"

आइए, मिलकर राजनांदगांव के सुनहरे कल की ओर कदम बढ़ाएँ

| क्र. | नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1 | कमलेश स्वर्णकार | छाप |

आपका सेवक
कमलेश स्वर्णकार
वरिष्ठ पत्रकार



# राजनीति नहीं संस्कारधानी का विकास मुद्दा है - दीपा लव रामटेके

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एक साधारण परिवार की महिला पेशे से हाईकोर्ट अधिवक्ता व जीएसटी सलाहकार के रूप में अपने पति लवकुमार रामटेके व तीन बच्चों के सहयोग से इस महापौर चुनाव में शहर के विकास के लिये सामने आयी है.

इस चुनावी दंगल में महापौर प्रत्याशी के रूप में शामिल होने पर अपने 15 बिन्दूओं का वादा लेकर आयी है- संस्कारघानी में कोई सताये, हमें बताये पर तत्काल कार्यवाही का वादा है, संस्कारधानी को भय, नशा व अपराध मुक्त बनाने का वादा, शहर के प्रत्येक घरों तक शुद्ध पेय जल एवं जल निकासी की व्यवस्था का वादा, संस्कारधानी में पार्किंग की व्यवस्ता का वादा, सभी वार्डो के सार्वजिक स्थानों पर महिलाओं के लिये शौतालय के निर्माण का वादा, सभी वार्डो में खेल मैदान व सुन्दर गार्डन के निर्माण का वादा, स्वच्छता बहनों के वेतन में 20 प्रतिशत वेतन/मानदेय में वृद्धि का वादा, निगम के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा, निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन वितरण का वादा, निगम कर्मचारियों के वेतन में 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि का वादा, शिक्षित अशिक्षित महिलाओं के लिये स्व-रोजगार प्रशिक्षण की व्यवस्था का वादा, संस्कारधानी में प्रतियोगिता परीक्षा हेतु युवाओं के लियेन्:शुल्क कोचिंग की स्थापना का वादा, पट्टा विहीन परिवारों को स्थाई पट्टा दिलाने का वादा, छोटे व्यापारियों को स्थायी दुकान देने का वादा, सभी समाज व धर्म के लोगों के लिये स्वयं के भवन दिलाने का वादा. संस्कारधानी का यही सपना है.



नारी के सम्मान में उच्च शिक्षित महिला अधिवक्ता के महापौर बनने से निश्चित ही शहर को व्यवस्थित बनाया जावेगा. निर्दलीय प्रत्याशी दीपा लव रामटेके ने कहॉ कि संस्कारधानी के विकास में राजनीति नहीं होनी चाहिये हम सभी प्रत्याशी चाहे निर्दलीय हो या किसी दल से हमारा उद्देश्य संस्कारधानी का विकास व वास्तविक विकास करना होना चाहिये, आज जन सम्पर्क के अंतिम दिन के जन सम्पर्क में शहर के विभिन्न वार्डो के लोग पूर्व के लोगों के कार्यो से नाराज नजर आये, कही, सड़क की समस्या है तो कहीं पानी की आज भी टेंकर से पानी मिलता है तो कहीं टेंकर भी जाता है. वर्षो से रहने वालों लोगों को आज भी उनके मकान, झोपडी का मालिकाना हक नहीं मिला है, आये दिन बडे नेताओं के ऑफीसो के चक्कर कॉट रहे है, एक दूसरे पर किचड उछालने की राजनीति हो रही है. लोग संस्कारधानी का विकास भूल गये है, राजनीति नेता चेहरा देखकर लाभ देने का वादा करते है. पिछली सरकार में हमने देखा की संस्कारधानी में विकास के नाम केवल भ्रष्टाचार ही हुआ, जबकि सत्ताधीन व बडे मंत्रीयों का यहॉ बोलबाला होने पर जनता अच्छे ईलाज, अच्छी शिक्षा व अच्छी व्यवस्था को तरस रही है. संस्कारधानी की जनता ने अब बदलाव का मन बना लिया है, जिसके कारण बडे-बडे नेताओं को नुक्कड़ तक आना पड़ रहा है. यदि विकास हुआ होता तो बडे नेता आत्म विश्वास से भरे होते, लेकिन वे अब डरे हुए है. संस्कारधानी के बीच जाने का अवसर मिला तो लोगों का दर्द समझ आया. पूरे 51 वार्डो में टोर-टू-डोर जब सम्पर्क हुआ तो पता चला कि सरकार की कथनी और करनी में अन्तर है, यहीं कारण है कि बडी पार्टीयॉ अपने ही बॉगियों की नहीं संभाल पा रही है और लोग बॉगी होकर अपने हक अधिकार के लिये अपनी ही पार्टी के खिलाफमोर्चा खोल दिया. संस्कारधानी की जनता अब पूर्ण बदलाव चाहती है ऐसा व्यक्ति चाहती है तो किसी राजनीतिक दल से ना हो व केवल विकास व पूर्ण विकास के साथ-साथ प्रति व्यक्ति का विकास चाहता हो, जिसके लिये संस्कारधानी के सभी धर्म, जाति व समाज के लोग, महिला, पुरूष युवा, बुजुर्ग लैपटॉप पर भरोसा कर दीपा लव रामटेके को महापौर बनाना चाहते है.

## चैतु ठाकुर बाबा धाम में मेला का आयोजन 12 को

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बिलहरी में माघी पूर्णिमा के अवसर पर दिनांक 12 फरवरी को चैतु ठाकुर बाबा धाम में मेला का आयोजन रखा गया है। यहां प्रत्येक वर्ष माघी पूर्णिमा के दिन आयोजित होता है। कहा जाता है कि चैतु ठाकुर बाबा प्राचीन में लघु रूप में था जब से मनकी बांध नहर का निर्माण सन् 1985 में हुआ तो नहर नाली निर्माण में पुल निर्माण होने के साथ ही चैतु बाबा धाम में मंदिर निर्माण का नींव रखा तो और आस पास ग्रामीण में प्रसिद्ध स्थल के रूप जाना गया ,वर्तमान में भव्य शिव मंदिर, हनुमान मंदिर व बच्चों, महिलाओं के लिए झूला व्यवस्थित ढंग से कर दिया है। नवरात्रि में ज्योति कलश भी रखा जाता है । मेला के पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा। यहां जानकारी शिव कुमार सिन्हा ने दी।



## भागवत साहू का धुआंधार जन संपर्क जारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 टेढ़ेसरा के कांग्रेस प्रत्याशी भागवत साहू ने अपना धुआंधार जनसंपर्क एवं प्रचार प्रसार अभियान जारी रखा है। उनके साथ समर्थकों की बड़ी फौज साथ में चल रही है। चूंकि श्री साहू जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रहते हुए क्षेत्र विकास के लिए अच्छा ध्यान पहले ही दिया है। अत: उन्हें इस पद के लिए भारी जनसंपर्थन मिल रहा है। श्री साहू उगता सूरज चुनाव चिन्ह लेकर अपने निर्वाचन क्षेत्र के गांव गांव भ्रमण करते हुए लोगों से हाथ जोड़कर भारी बहुमत से जीताने की अपील कर रहे हैं। गांव-गांव में लोग उनका आत्मीयता से स्वागत कर रहे हैं। और अपने गांव की समस्या भी रख रहे हैं। इस दौरान भागवत साहू के साथ नारायण प्रसाद दुबे, जीवन लाल धनकर, मनोहर साहू, हीरा लाल साहू, देवशरण वर्मा, इतवारी साहू, गिरीश साहू, मुकेश साहू, तेजेश्वर साहू, महिला लोगों का नाम, पायल साहू, अहिल्या देशमुख, गोदावरी देशमुख, फेकन यादव, जानकी साहू, बिरजा, साहू, नीरबती साहू, अनुसुइयां साहू, ललिता साहू, गोमती साहू, त्रिवेणी साहू, लता साहू, रत्ना साहू, नीरा साहू, सुशीला साहू, लक्ष्मी साहू, गुलशन बघेल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



**शुभांक**
**3-4-9**
**359-7 470-1**
**भाग्यांक**
**690-5 245-1**

# ग्राम सुरगी में मनाया गया मातृ पितृ पूजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के सदस्यों द्वारा मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम सुरगी में आयोजित किया गया जिसमें मुख्यरूप से संस्था के संरक्षक संजय शर्मा रितेश यादव प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू, सुरगी सरपंच आनंद साहू, उपस्थित रहे कार्यक्रम संचालन शहर अध्यक्ष एस, के,देवांगन द्वारा किया गया बच्चो द्वारा पहले माता पिता को आसन में बैठा कर फूल माला पहनाकर, तिलक लगाकर आरती उतारी गई इस दृश्य को देखकर माता- पिता की आंखें भर आयी और बच्चों को गले से लगा लिया युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन कुमार साहू ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी में मातृ देवो भव:पितृ देवो भव: जैसी संस्कृति को जागृत करने का प्रयास हमारे संस्था के सदस्यों द्वारा विगत 16 वर्षो से अलग अलग स्थानो में पूजन कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें प्रतिवर्ष हजारों युवा जुड़कर पूजन करते आ रहे हैं इस वर्ष भी यह पूजन कार्यक्रम तीन स्थानों पर तय हुआ जिसमें आज अर्जुनी मे कार्यक्रम किया गया । अगला कार्यक्रम 11 फरवरी को छुईखदान तथा 14 फरवरी वृद्धाआश्रम रायपुर नाका में आयोजित होना है जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में भरत देवांगन, हरिश साहू,रोहित देवांगन, संदीप रंगारी, ओमप्रकाश निषाद, लिखन साहू, केशर साहू,शामेश्वरी , नोमेश्वरी साहू,सुमित्रा साहू,एवं रामखेलावन साहू का योगदान रहा। उक्त जानकारी- जिला अध्यक्ष आदित्य पराते द्वारा दी गई।





# जनपद के 20 पदों हेतु 75, तो सरपंच के 73 पदों हेतु 291 मैदान में

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद ब्लॉक में जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार जनपद सदस्यों के 20 पदों हेतु कुल 75 अभ्यर्थी, सरपंच के 73 पदों हेतु कुल 291 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में जमे हुए हैं। नाम वापसी के बाद ग्राम पंचायत मचानपार, भटगुना और करमतरा में एक - एक अभ्यर्थी होने से वहां निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बन गई है। इसके अलावा ब्लॉक में पंचों के कुल 1057 पदों में से 431 पद एकमात्र नामांकन के कारण निर्विरोध घोषित किये गये हैं।

निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जनपद क्षेत्र क्र. 01 बांकल (अनु. जाति महिला) में गौरी भारती, लेवन लाउत्रे, पारवती सूर्यवंशी, सर सरस्वती मारकण्डे तथा सावित्री बंजारे, क्षेत्र क्र. 2 तुमड़ीबोड़ (पिछड़ा वर्ग महिला) में भारती धारसिंह वर्मा, लक्ष्मी तीरथ साहू, राधिका साहू व सरिता मदन साहू, क्षेत्र क्र. 3 कोहका ढाबा (पिछड़ा वर्ग महिला) में जय तिमेश साहू एवं सुशीला लोकूराम निषाद, क्षेत्र क्र. 4 घोरदा (अना. मुक्त) से भेलस साहू, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, टीकम दास व उमेश कुमार साहू, क्षेत्र क्र. 5 मचानपार (अनु. जाति मुक्त) से आत्माराम रात्रे, दौवा नारंग, द्वारिकादास टंडन, मीनाक्षी देशलहरे, नेतराम देशलहरे, पुनेश् वर जोशी, क्षेत्र क्र. 6 मारगांव (अना. मुक्त) से भागवत सिन्हा, जागेश्वर यादव (राजू), कोठारी सर, कुमान सिंह नेताम व सहदेव राम सिन्हा,

### सरपंच के तीन तो पंच के 431 निर्विरोध

क्षेत्र क्र. 7 दीवानभेड़ी (अना. महिला) से चन्द्रिका रोहित सोनकर, ममता पटेल व रानू तिलक सिन्हा, क्षेत्र क्र. 8 मनेरी (अनु. जन. मुक्त) से हेमिन बाई नेताम, ईश्वरी राम जी गोंड़, नरबद बाई खुमान दास कंवर, तुलेश्वरी सुदर्शन लाल गोड़, विवेक कुमार मंडावी, क्षेत्र क्र. 9 आरी (अना. महिला) से चितरेखा साहू, कुमारी साहू रूपूदास, मोनिका पुरूषोत्तम साहू व शोभना लिलेशपटेल कोनारी, क्षेत्र क्र. 10 माथलडबरी (अना. महिला) से हरिला साहू, होमिन भोजराज पटेल, सरस्वती कमलनारायण गायकवाड़ चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार क्षेत्र क्र. 11 खुज्जी (पिछड़ा वर्ग महिला) से अक्षय कुमार देवांगन, रवि कुमार साहू व वामनदास साहू, क्षेत्र क्र. 12 खुर्सीपार (अना. महिला) से दीबीका साहू खुर्सीपार व गेंदाबाई सेवक साहू, क्षेत्र क्र. 13 रूदगांव (अना. महिला) से देवकुंवर बाई, दीपक बाई पटेल, पद्मिनी साहू व पूर्णिमा हेम साहू, क्षेत्र क्र. 14 अर्जुनी (पिछड़ा वर्ग मुक्त) से देवलाल साहू, मोहनीश साहू, पुरानिक साहू व रेशमलाल साहू, क्षेत्र क्र. 15 रामपुर (अना. मुक्त) से अनिल सिन्हा, दीनू यादव, माधुरी ठाकुर, मनीष कुमार साहू, रूपेश कुमार साहू, क्षेत्र क्र. 16 मोखली (पिछड़ा वर्ग महिला) से लीला बाई, रेशमा साहू व सुशीला साहू, क्षेत्र क्र. 17 करमतरा (अना. मुक्त) से महेन्द्र कुमार साहू, राजेन्द्र साहू व टुमन लाल साहू, क्षेत्र क्र. 18 कोकपुर (अना. मुक्त) से ऐमन लाल साहू, बिरेन्द्र साहू, ताराचंद छाजेड़, क्षेत्र क्र. 19 तिलईरवार (अनु.का जा. महिला) से कांति बाई कंवर व शिवरात्रि मेघनाथ चंद्रवंशी तथा क्षेत्र क्र. 20 से आसरा (अनु. ज. जा. महिला) से अनिता पंचारी, कुमार बाई कंवर, लीला बाई मंडावी व नर्मदा बाई चंद्रवंशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। बता दें कि जनपद अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति महिला के आरक्षित होने के बाद लोगों की निगाहें ऐसे आरक्षण वाली महिला सीटों के परिणाम पर टिकी हुई है।

## भाजपा से तीन और निलंबित हुए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी नगर निगम चुनाव में पूरी मुस्तैदी से चुनाव लड़ रही है। और अनुशासन के खिलाफ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखाने में कतई देर नहीं कर रही है। यही कारण है कि लगातार भाजपा से निष्कासित एवं निलंबित होने वाले नेताओं का क्रम शुरू हो चुका है । इसी परिपेक्ष में आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने वार्ड क्रमांक 17 के दीपेश सोनी वार्ड क्रमांक 18 से लोकचंद ठाकरे एवं वार्ड नंबर 48 से पार्थ गेंड्रे को पार्टी के विरोध में कार्य करने क

## मतदान दिवस को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकाय 2025 अंतर्गत मतदान तिथि मंगलवार 11 फरवरी 2025 को निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित शासकीय संस्थानों व कार्यालयों के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान तीन चरणों में आयोजित होगा। जिसके लिए मतदान तिथि सोमवार 17 फरवरी 2025 एवं गुरूवार 20 फरवरी 2025 को निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित शासकीय संस्थानों व कार्यालयों के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

# कुमरदा में मानस गायन सम्पन्न कुरूद व चारामा प्रथम

**कुमरदा ( नांदगांव टाइम्स )।** तरुण मानस मंच एवं ग्रामीणों तथा व्यापारी वर्ग के संयुक्त तत्वाधान में सस्वर मानस गायन व व्याख्या प्रतियोगिता का आयोजन बीते 8 से 9 फरवरी तक अयोध्या धाम कुमरदा में सम्पन्न हुआ जिसमे छग व महाराष्ट के 20 प्रसिद्ध मानस मंडलियो ने शिरकत की ।



प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय महिला समूह के दुवरा रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के प्रतिमा व भगवान राम व हनुमान जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ सम्पन्न हुआ । तत्पश्चात मानस की प्रस्तुति प्रारंभ हुई । प्रतियोगिता के समापन अवसर पर श्री अंजनी शर्मा चिरचारी कला ने मानस गायन को महा कुम्भ निरूपित करते हुए राम नाम की डुबकी लगाने की बात कही और समाज से भगवान राम के चरित्र को जीवन मे उतारने की नसीहत दी ।विशेष अतिथि के रूप में मनोज सोनी लालचंद साहू कान्ति लाल साहू ग्राम पटेल उपस्थित थे। प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में कुरूद भिलाई प्रथम डंडेसरा द्वितीय खल्लारी महासमुंद तृतीय भिलाई अर्जुन्दा चतुर्थ रायपुर पंचम मुड़पार मोहला षष्टम सलियाटोला महाराष्ट सप्तम स्थान तथा महिला वर्ग में चारामा कांकेर प्रथम बठेना द्वितीय डोटोपार धमतरी तृतीय बिरझु टोला चतुर्थ बिरकोनी महासमुंद पंचम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अन्य सांत्वना पुरस्कारो में विशेष व्याख्या में खल्लारी गायन में सुरगी राज हारमोनियम में मुड़पार तबला में रायपुर ढोलक में धौरा भांटा धमतरी बेंजो में सलियाटोला व अनुशासन में राजकट्टा औंधी को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया।व्याख्या पक्ष के निर्णायक श्री कल्लूराम वर्मा व संगीत पक्ष से मोहित चंद्राकर खिलानंद नेताम तथा उद्घोषणा कुमुद शुक्ला ने की ।आयोजन समिति में ज्ञानचंद साहू लक्ष्मी नारायण साहू किशन सिंह साहू कांतिलाल साहू हकीम खान दिनेश ठाकुर नुन करण भुआर्य ललित साहू फगनू राम हुमन सोरी मोती राम प्रदीप साहू समेत समेत महिला समूह का विशेष योगदान रहा।

## निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश घोषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। श्रम विभाग द्वारा जारी परिपत्र अनुसार कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 अंतर्गत आने वाले कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन नगर पालिका परिषद् एवं नगर पंचायत के निर्वाचन हेतु मंगलवार 11 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक तथा त्रिस्तीय पंचायत निर्वाचन हेतु द्वितीय चरण गुरूवार 20 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत छुरिया एवं तृतीय चरण रविवार 23 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न होगा।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**
राजस्व मामला क्रमांक 202502093700011 अ-6 वर्ष 2024-25
: : ईश्तहार : : -
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामू लाउत्रे आ. राजू लाल लाउत्रे, निवासी इंदिरा नगर, वार्ड नं. 40, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला चौखड़ियापारा स्थित शीट क्रमांक 50 ए, भूखण्ड क्रमांक 19/4, क्षेत्रफल 92.94 वर्गमीटर जो धारक लोकचंद आ. जुड़ामल सिंधी, निवासी-चौखड़ियापारा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।
अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 21.02.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील
नजूल अधिकारी
नजूल जाँच
राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
-:: ईश्तहार::-
रा0मा0 क्रं.अ-19(3) वर्ष-2024-25
एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजगामी संपदा राजनांदगांव का पत्र क्रमांक 26/रा. सं./2025 राजनांदगांव दिनांक 01.02.2025 के अनुसार आवेदक श्री सुशील कोठारी, अध्यक्ष जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत आवेदन अनुसार जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव को ग्राम कौरिनभाठा प.ह.न. 38 स्थित भूमि खसरा नंबर 518 रकबा 7.5230हे. / 18.59 ए. में से आरक्षित 5.00एकड भूमि आबंटन करने की मांग की गई है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त वर्णित भूमि को आबंटन किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति, दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 18/02/2025 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
अतएवं उक्त ईश्तहार आज दिनांक 03/02/2025 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।
सील
तहसीलदार
राजनांदगांव

**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ:-जिला- राजनांदगाँव**
**तहसील-राजनांदगांव प.ह.न.-00024**
**तिलई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425420507300008**
ईश्तहार
तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम तिलई के वर्तमान भूमिस्वामी कोदुराम पिता/पति-पिता-मांहगु पता-सा. देह, भोंदुराम पिता/पति-पिता-मांहगु पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 296/1 (1.6430) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता त्रिवेणी सिन्हा पिता/पति-स्व अजय कुमार सिन्हा उर्फ भोंदू पता-जयस्तंभ चौक राजनांदगाँव, जितेन्द्र कुमार सिन्हा पिता/पति-स्व अजय कुमार सिन्हा उर्फ भोंदू पता-जयस्तंभ चौक राजनांदगाँव, बरखा सिन्हा, वर्षा सिन्हा, रेणुका सिन्हा पिता/पति-स्व अजय कुमार सिन्हा उर्फ भोंदू पता-जयस्तंभ चौक राजनांदगाँव, कोदुराम पिता/पति-मांहगु पता-जयस्तंभ चौक राजनांदगाँव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/02/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2025 को जारी किया जाता है।
सील
नायब तहसीलदार
श्रीमती सुरेखा वर्मा

## ज्ञान मंथन

*1) मध्यप्रदेश के किस जिले में विजय कुमार इंटरनेशनल ने डायमंड कटिंग एण्ड पॉलिशिंग प्लांट की स्थापना की है?*
*2) वन्यजीव संरक्षण के संबंध में दिए जाने वाले अमृता देवी राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत कब की गई थी?*
*3) इस्लाम धर्म अपनाने वाले भीलों को क्या नाम दिया गया है?*
*4) किस जनजाति के लोगों को औषधियों से संबंधित अच्छी जानकारी होती है?*
*5) फ्रांस के सबसे कम आयु के प्रधानमंत्री कौन है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) धार (2) 2013 (3) तड़वी (4) बैगा (5) गैब्रियल एट्टल

# चंद्रगिरी में धूम- धाम से मनाया गया दीक्षा दिवस








**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज ने मुनि मार्ग को प्रशस्त करते हुये नैनागिर में पहली बार नारी समाज को मोक्षमार्ग पर प्रशस्त करते हुये सर्व प्रथमआर्यिका गुरुमति माताजी,दृणमति माताजी सहित 11 आर्यिकाओं को दीक्षा प्रदान की थी तथा 12 क्षुल्लक दीक्षा सिद्धक्षेत्र नैनागिर में संपन्न हुई थी उपरोक्त उदगार निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने चंद्रगिरी (डोंगरगढ़) में विराजमान आर्यिकासंघ एवं ऐलक श्रीनिश्चयसागर महाराज की दीक्षा महामहोत्सव के अवसर पर प्रात:प्रवचन सभा में व्यक्त किये।* इस अवसर पर क्षेत्र पर विराजमान आर्यिकाओं ने आचार्य श्री को याद करते हुये अपने संस्मरण को सुनाया प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया दौपहर में आयोजित धर्म सभा में कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ तत्पश्चात विराजमान निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी मुनि श्री पवित्रसागर जी,मुनि श्री आगमसागर जी,मुनि श्री पुनीत सागर जी महाराज का पाद प्रछालन ऐलक श्री निश्चयसागर जी,ऐलक श्री धैर्यसागर जी,ऐलक श्री निजानंद सागर जी,ऐलक श्री स्वागत सागर जी,क्षु. श्री संयम सागर जी महाराज तथा संघस्थ ब्रहम्चारीओं ने किया तत्पश्चात आर्यिकारत्न गुरुमति माताजी, आर्यिका रत्न दृणमति माताजी आर्यिकारत्न आदर्श मति माताजी, आर्यिकारत्न पावन मतिमाताजी, आर्यिकारत्न भावनामति माताजी सहित सभी आर्यिकासंघ ने मुनि श्री की तीन परिक्रमा कर नमोस्तु निवेदित किया।इस अवसर पर आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज की संगीतमय पूजन की गई एवं मुनिसंघ तथा आर्यिकासंघ एवं ऐलक श्री निश्चयसागर महाराज ने आचार्य भगवन् को याद करते हुये उनकी महिमा को प्रकट किया इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि विगत दिनों आप सभी पूज्यता के भाव से आचार्य गुरुदेव के चरण तो मंदिरों में अथवा क्षेत्र पर स्थापित करने के लिये ले ही जा रहे है, साथ ही श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की आराधना का माड़ना जो आपने रखा था उसे भी स्मृति स्वरुप एक निश्चित राशी देकर अपने नगर के जिनालय हेतु ले जा सकते है जिससे आप समय समय पर अष्टान्हिका पर्व या अन्य दिनों में विधान करेंगे तो धर्म की प्रभावना भी होगी और चंद्रगिरी तथा आचार्य श्री की स्मृति भी बनी रहेगी।इस अवसर पर वर्धा, छिंदवाड़ा, परतवाड़ा महाराष्ट्र से आये श्रद्धालुओं ने तथा राजनांदगांव,कवर्धा, दुर्ग,रायपुर,से बड़ी संख्या में पधारे श्रद्धालुओं ने मुनिसंघ तथा आर्यिकासंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जिले में बनाए गए 11 आदर्श मतदान केन्द्र

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले के नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया व लालबहादुर नगर में कुल 11 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं गये है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 128-शासकीय कमलादेवी कन्या महाविद्यालय उत्तर भाग राजनांदगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 120-शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय मध्य भाग, मतदान केन्द्र क्रमांक 64-गुरूनानक स्कूल पूर्व भाग, मतदान केन्द्र क्रमांक 85-गायत्री स्कूल कंचनबाग उत्तर भाग एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 44-शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव (स्टेट हाई स्कूल) कक्ष-16, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 18-कार्यालय नगर पालिका भवन डोंगरगढ़ पूर्व दिशा, मतदान केन्द्र क्रमांक 22-खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ उत्तर मध्य दिशा एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 24-स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल डोंगरगढ़ उत्तर दिशा तथा नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 12-प्राथमिक शाला भवन बोधीटोला साकेतधाम डोंगरगांव, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 1-स्वामी आत्मानंद स्कूल छुरिया एवं नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 13-बालक प्राथमिक शाला लाल बहादुर नगर पश्चिम दिशा को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## मतदान एवं मतगणना पर शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के मतदान एवं मतगणना पर शुष्क दिवस घोषित किया है। निर्वाचन क्षेत्रों में तथा निर्वाचन क्षेत्र से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित सभी देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब, मद्य भण्डारण-भाण्डागार सहित अन्य दुकानों को मतदान की तारीख से 2 दिन पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना तिथि को मतगणना संपन्न होने तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव के महापौर एवं पार्षद तथा नगर पालिक परिषद् डोंगरगढ़ व नगर पंचायत डोंगरगांव, लालबहादुर नगर, छुरिया के अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए मतदान 11 फरवरी 2025 को किया जाएगा। इसके परिप्रेक्ष्य में 9 फरवरी 2025 की संध्या 5 बजे से 11 फरवरी 2025 को मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना तिथि 15 फरवरी 2025 के मतगणना समाप्ति तक निर्वाचन क्षेत्र के सभी देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब, मद्य भण्डारण-भाण्डागार सहित अन्य दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंच पदों का निर्वाचन तीन चरणों में मतगणना तिथि 17 फरवरी, 20 फरवरी एवं 23 फरवरी 2025 को संपन्न होगा तथा मतगणना मतदान के पश्चात होना निर्धारित है। प्रथम चरण को खण्ड राजनांदगांव अंतर्गत 15 फरवरी 2025 की शाम 3 बजे से 17 फरवरी 2025 की मतगणना समाप्ति तक, द्वितीय चरण को खण्ड छुरिया अंतर्गत 18 फरवरी 2025 की संध्या 3 बजे से 20 फरवरी 2025 की मतगणना समाप्ति तक तथा तृतीय चरण को खण्ड डोंगरगावं व डोंगरगढ़ अंतर्गत 21 फरवरी 2025 की संध्या 3 बजे से 23 फरवरी 2025 की मतगणना समाप्ति तक निर्वाचन क्षेत्रों में तथा निर्वाचन क्षेत्रों से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें तथा आबकारी केन्द्र बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# नीरज विद्या मंदिर में बच्चे लाभान्वित हुए 'परीक्षा पे चर्चा से'

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार 10 फरवरी को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम से प्रधानमंत्री महोदय के इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम का संस्था के विद्यार्थियों ने अधिकाधिक लाभ उठाया। पूरे देश के अलग-अलग शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों ने परीक्षा संबंधी अपने प्रश्न प्रधानमंत्री से पूछे। प्रत्येक प्रश्नों का बहुत ही सधे हुए अंदाज में प्रधानमंत्री ने उत्तर दिये। अधिकांश प्रश्न सीबीएसई की



आगामी परीक्षा को लेकर थे। छात्र-छात्राओं ने परीक्षा संबंधी तैयारी एवं अज्ञात भय को लेकर सवाल किए। इन सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा से डरने की आवश्यकता नहीं है। आप सभी इससे पहले भी परीक्षा के दौर से गुजर चुके हैं। आप सभी को खुद पर विश्वास करते हुए परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। इससे आप सभी को सफलता अवश्य मिलेगी। परीक्षा जीवन का हिस्सा है। आप अपनी तैयारियों पर भरोसा रखें। उन्होंने अपनी बातों को कई उदाहरणों के माध्यम से भी समझाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यार्थी अपनी गलतियों से सीख ले और स्वप्रेरित हो। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम का टीवी चैनलों में सुबह लगभग 11:00 बजे से सीधा प्रसारण हुआ। विद्यालय की एक्गजिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने कार्यक्रम के पूर्व बच्चों से कहा कि परीक्षा का दबाव न लेते हुए अपनी तैयारी पर ध्यान केन्द्रीत रखे। प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के पश्चात कहा कि जीवन में परीक्षा ही सबकुछ नही है। हमें चाहिए कि प्रतिदिन जीवन के संघर्षो से कुछ न कुछ सिखते रहें। कार्यक्रम का विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों ने अधिकाधिक लाभ उठाया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में संस्था के सीबीएसई प्रभारी श्री संतकुमार साहू ने दी।

## मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। दस्तावेजों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान-पत्र, बैंक व डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र (पेन कार्ड), आधार कार्ड, राज्य व केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छत्तीसगढ़ राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौशिंल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त नि:शक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा ऑनलाईन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता इनमें से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जायेगें और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जायेगी।

# जहर सेवन से युवक की मौत

### बोरतलाव पुलिस संदेह के घेरे में.

**डोंगरगढ़/ बोरतलाव ( नांदगांव टाइम्स )।** संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत. पुलिस संदेह के घेरे में. युवक की मौत से क्षेत्रवासियो में सनसनी सी फैल गई है. बताया जाता है कि 09 फरवरी को बोरतलाव पुलिस संदेह के आधार पर मृतक को पकड़कर थाने ले गई थी और पूछताछ के बाद मृतक को छोड़ दिया गया था. 10 फरवरी के सुबह अपने परिजन चावल पेज बनाने को कहा था जिसके बाद लगभग 11 बजे दिन में मौत हो गई. जिसके कारण क्षेत्र में सनसनी फैल गया. प्राप्त समाचार में बताया गया 09 फरवरी को ग्राम पंचायत बोरतलाव के आश्रित ग्राम कुरेझर निवासी सुदेश मंडावी पिता सुरेलाल मंडावी फ्लाईओवर के पास खड़ा था इस दौरान बोरतलाव थाने से सर्च पार्टी निकल रही थी. संदेह के आधार पर मृतक बोरतलाव थाना ले जाया गया था. थाना प्रभारी के कथनानुसार पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था परंतु 10 फरवरी को 11 बजे दिन मृतक की लाश मिलने के कारण परिजनों के द्वारा आरोप लगाए जा रहे है कि मृतक को पुलिस पकड़ के ले गई थी और



थाने में उसके साथ भारी धमकी चमकी दिया गया था जिसके भय के कारण आवेश में मृतक जहर खा लिया होगा जिसके कारण श्री मंडावी की मौत हो गई. मौत के बाद इसकी सूचना बोरतलाव थाने को दी गई. सूचना के बाद मृतक को पोस्टमार्टम के लिए डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मरचुरी में लाया गया. पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर तेजेंद्र कुमार वर्मा ने प्रथम दृष्टा जहर सेवन से मौत होने की पुष्टि की गई. डॉक्टर की पुष्टि से कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे है. मृतक पुलिस के भय से जहर खाया या इसके बहाने कोई और जहर दे कर मार दिया जैसे प्रश्न यक्ष बनकर खड़ा हो गया है. पुलिस जाँच के बाद ही इसका खुलासा हो पायेगा. प्रथम दृष्टा पुलिस की कार्यवाही संदेह के घेरे में आ गई है. देखना यह होगा कि शंका की सुई से पुलिस अपना दामन बचा पाती है या नहीं. इस मामले को लेकर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आशीष कुंजाम से चर्चा करने पर बताया गया कि मृतक को संदेह के आधार पर बोरतलाव थाना लाया गया था. जाँच के बाद 09 फरवरी को छोड़ दिया गया था मौत के कारणों की जाँच की जा रही है. जाँच के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी.

# मैं अपने परिवार के पास आशीर्वाद मांगने आई हूं - मधु भुनेश्वर बघेल



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पंचायती राज चुनाव शुरू हो चुका है जिला पंचायत छेत्र क्रमांक 01 पटेवा से पूर्व विधायक की पत्नी मधु भुनेश्वर बघेल कार्यालय उद्घाटन के साथ अपना धुआंधार प्रचार शुरु कर दिया है जनता का आशीर्वाद मांगने आज ग्राम भरकातोला, ढाबा, अमलीडीह, कोहाकूड़ा, नागालदाह पहुंचकर अपने लिए जनता से आशीर्वाद मांगते हुए पतंग छाप मोहर लगाने की अपील की।

अपने बीच स्थानीय प्रत्याशी जाना पहचाना चेहरा देखकर जनता का भरपूर समर्थन मिला है साथ में कार्यकर्ताओं का हुजूम देखने को मिल रहा है प्रत्यासी के गांव पहुंचते ही बदे, बुजुर्ग महिलाएं, युवा, साथी स्वागत में लग जाते हैं गांव पहुंच कर मंदिरों में पूजा अर्चना कर गली भ्रमण कर सबसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार के पास आशीर्वाद मांगने आई हूं मेरी क्षेत्र की जनता मेरी परिवार है और मैं अपने परिवार के सुख-दुख में हमेशा खड़ी रहूंगी साथ में गांव के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ घुमका ब्लॉक के अध्यक्ष रतन यादव, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित राजपूत, राजेश शान, विवेक बारले, जय प्रकाश चित्रवादी, उमराव वर्मा, भूषण बघेल, राम खेलावन, खेलूं बघेल, नागेंद्र मार्कण्डेय, दिनेश पुराणिक, गंगा प्रसाद वर्मा, दुलारी, आशा वर्मा, गोवदरी, कमला, ऊषा, संगीता, आदि उपस्थित रहे।

## धर्म समाचार....

# बहुत जल्द इन 4 राशियों की निकल पड़ेगी लॉटरी, जेबें भरने को हो जाएं तैयार

ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली में शनि मजबूत होने से जातक को करियर और कारोबार में बहुत जल्द सफलता मिल जाती है। शनिदेव की कृपा से जातक अल्प समय में शून्य से शिखर पर पहुंच जाता है। भगवान विष्णु की पूजा करने से गुरु ग्रह मजबूत होता है। वहीं भगवान शिव की पूजा करने से शनिदेव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। सनातन धर्म में गुरुवार का दिन देवगुरु बृहस्पति को समर्पित होता है। इस दिन देवगुरु बृहस्पति की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त गुरुवार का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को महिलाएं करती हैं। गुरुवार का व्रत करने से विवाहित महिलाओं के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। नवविवाहित जातकों को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। वहीं, अविवाहित लड़कियों की शीघ्र शादी होती है। ज्योतिषियों की मानें तो देवगुरु बृहस्पति बहुत जल्द राशि परिवर्तन करने वाले हैं। देवगुरु बृहस्पति के राशि परिवर्तन करने से राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इनमे 4 राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ होगा। इन राशियों पर देवगुरु बृहस्पति की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**वृषभ राशि-** - देवगुरु बृहस्पति वर्तमान समय में वृषभ राशि में विराजमान हैं। देवगुरु बृहस्पति 14 मई




को वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में गोचर करने से वृषभ राशि के जातकों को लाभ मिल सकता है। मिथुन राशि में गोचर के दौरान देवगुरु बृहस्पति द्वितीय भाव में गोचर करेंगे। इस भाव में गुरु की दृष्टि से वृषभ राशि के जातकों को धन लाभ हो सकता है।

**मिथुन राशि-** देवगुरु बृहस्पति के कर्क राशि में गोचर करने से मिथुन राशि के जातकों को लाभ होगा। मिथुन राशि के जातकों पर देवगुरु बृहस्पति की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से कारोबार में तेजी देखने को मिलेगी। अटके काम बनेंगे। भौतिक सुखों की भी प्राप्ति होगी। कोई विशेष मनोकामना पूरी होगी। जीवन में सुखों का आगमन होगा। धर्म कर्म में रूचि बढ़ेगी। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। मान-सम्मान में इजाफा होगा। सरकारी नौकरी की तलाश में लगे जातकों को सफलता मिल सकती है। धन प्राप्ति के योग बनेंगे। भगवान विष्णु की पूजा करने से मनचाही मुराद पूरी होगी।

**धनु राशि-** धनु राशि के जातकों के लिए गुरु का राशि परिवर्तन बेहद शुभ रहेगा। इस दौरान अविवाहित लड़कियों की शादी के योग बनेंगे। इसके अलावा, भाग्य में भी वृद्धि होगी। ज्ञान की प्राप्ति होगी। उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सफल होंगे। किसी माध्यम से धन की प्राप्ति होगी। सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। पार्टनर से सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के सत्कर्म से आपके पुण्य में भी वृद्धि होगी। सरकारी काम से जुड़े जातकों को धन लाभ हो सकता है। धर्म कर्म करने से भी धन-संपत्ति में वृद्धि होगी।

**मकर राशि-** गुरु के राशि परिवर्तन से मकर राशि के जातकों की किस्मत बदल सकती है। इस राशि के जातकों को मार्च महीने में शनि की साढ़े साती से मुक्ति मिलेगी। वहीं, गुरु के कर्क राशि में गोचर के दौरान मकर राशि के जातकों को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। रुके काम बन जाएंगे। धन लाभ के योग बनेंगे। निवेश से लाभ मिलेगा। गुरुजनों का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होगा। इसके साथ ही मंगल देव की भी कृपा मकर राशि वालों पर बरसेगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ होगा। अगर नवीन कार्य करने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो समय बेहद उत्तम है।

## कौन थे स्वरभानु और कैसे बने राहु और केतु? समुद्र मंथन से है जुड़ा है कनेक्शन



ज्योतिषियों की मानें तो राहु और केतु के चलते कुंडली में कई प्रकार के दोष लगते हैं। राहु के गुरु के साथ रहने पर गुरु चांडाल दोष लगता है। वहीं राहु के मंगल के साथ रहने पर अंगारक दोष लगता है। राहु और केतु की कुदृष्टि के चलते जीवन में ढेर सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को मायावी ग्रह कहा जाता है। वर्तमान समय में राहु मीन राशि में विराजमान हैं और केतु कन्या राशि में विराजमान हैं। मई महीने में राहु और केतु राशि परिवर्तन करेंगे। राहु और केतु दोनों वक्री चाल चलते हैं। वहीं, दोनों एक राशि में डेढ़ साल तक रहते हैं। इसके बाद राशि परिवर्तन करते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो राहु और केतु के चलते ग्रहण लगता है। राहु के द्वारा सूर्य और चंद्र ग्रहण लगता है। ग्रहण के दौरान पृथ्वी पर राहु का प्रभाव बढ़ जाता है। आसान शब्दों में कहें तो प्रबल रहता है। इसके लिए ग्रहण के दौरान शुभ काम नहीं किया जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि राहु और केतु कौन हैं और समुद्र मंथन से क्या कनेक्शन है? आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं- सनातन शास्त्रों में निहित है कि स्वरभानु की माता होलिका थीं और उनके पिता का नाम विप्रचिति था। समुद्र मंथन के समय देवता और दानवों ने मिलकर समुद्र मंथन किया था। समुद्र मंथन से विष समेत 14 शुभ रत्नों की प्राप्ति हुई। समुद्र मंथन के दौरान सबसे पहले विष की उत्पत्ति हुई। उस समय देवताओं ने भगवान शिव से विष से रक्षा करने की याचना की। यह जान भगवान शिव ने तीनों लोकों की रक्षा के लिए विषपान किया। उसके बाद क्रमश: 14 रत्नों की उत्पत्ति हुई। अंत में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। अमृत पान के लिए देवता और दानवों के मध्य वाक्य युद्ध शुरू हो गया था। तब भगवान विष्णु ने मोहनी रूप धारण कर देवताओं को अमृत पान कराया।

nandgaon times feb-11-04.qxd 2/10/2025 11:56 PM Page 4



**।। जय महाकाल ।।**

# अपील



# दान मांगता हूँ एक वोट के मतदान का

भाईयों, बहनों, बजुर्गों एवं युवा साथियों आप सभी से हार्दिक अपील है कि महापौर प्रत्याशी श्री निखिल द्विवेदी को कांग्रेस के पंजा छाप में बटन क्रमांक 03 में बटन दबाकर विजयी बनावें ।

निखिल द्विवेदी ने 17 वर्षों की आयु में पिता खोया। 18 वर्ष में कॉलेज (NSUI) में प्रवेश किया। यहाँ से उनका राजनीति सफर शुरू हुआ। उन्होंने NSU राष्ट्रीय महासचिव के रूप में हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, उड़ीसा एवं महाराष्ट्र राज्यों के (प्रभारी) रहे। प्रदेश का गौरव बढ़ाया एवं कांग्रेस के अनेक युवा पदों को सुशोभित किया।

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सभी कॉलेज में जब तक कॉलेज में चुनाव हुए निखिल द्विवेदी के नेतृत्व में विशेषकर दिग्विजय कॉलेज, कमला कॉलेज, साइंस कॉलेज में उनके (NSUI) पदाधिकारी का चयन हुआ। छात्र एवं छात्राओं के एडमिशन से लेकर अन्य सुविधा उपलब्ध कराने संघर्ष किया।

संस्कारधानी में हॉकी, गणेश झॉकी एवं बॉस्केटबाल खेल के बाद निखिल द्विवेदी ने महाकाल यात्रा से शहर को एक नई पहचान दी ।

करोना काल में अपनी सामर्थ्य के अनुसार या उससे भी बढ़कर धर्म, जाति, सम्प्रदाय से उठकर उस काल में दैनिक सामग्री (तेल, दाल, चांवल, सब्जी) के अतिरिक्त ऑक्सीजन सिलेन्डर, Remdesivir इंजेक्सन एवं यहाँ तक शवों के अंतिम क्रियाक्रम में भी निर्भय होकर समर्पण भाव से अपने साथियों एवं सहयोगियों के सहयोग इस पुण्य कार्य का संपन्न किया।

मैं प्रशांत प्रभात तिवारी विश्वास दिलाता हूँ कि आप यदि निखिल द्विवेदी को महापौर रूप में चुनते है तो आप अपने आपको महापौर के रूप में चुनेंगे ।

एक बार पुनः आपसे सादर अपील है कि कॉग्रेस के पंजा छाप में 3 नम्बर बटन दबाकर महापौर प्रत्याशी चुने।


## महापौर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | निखिल द्विवेदी |  | | |

## (मतदान दिनांक 11 फरवरी 2025, दिन मंगलवार)

# हमारी जनहित योजनाएँ :-

- 51 वार्डों में समस्त जस-भजन एवं सक्रिय एवं वैध महिला मंडल समूह को वार्षिक रू. 3000/- सम्मान निधि प्रदान किया जायेगा ।
- लेखक-कवि, साहित्यकार, इतिहासकार, कलाकार, शैक्षणिक खेलकूद, विज्ञान एवं सामाजिक सेवा के माध्यम से नगर के गौरव बढ़ाने वालों को सम्मानित किया जायेगा ।
- नगर के छात्र-छात्राओं को एक ही छत के नीचे ऑफलाईन ऑनलाईन समसस्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विषय विशेषज्ञ एवं सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी ।
- पेयजल संग्रहण के स्थान पर CCTV कैमरे एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था रहेगी ताकि पेयहल दूषित न हो।
- गणेश एवं दुर्गा पंडालों को नगर निगम द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान की जावेगी ।
- रोड पर बैठे गौवंशों की सुरक्षा एवं अन्य लावारिस पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं से सुरक्षा प्रदान की जावेगी ।
- डायग्नोस्टिक सेन्टर पर मिनिमम चार्ज में जांच की सुविध उपलब्ध कराई जायेगी ।
- समस्त खेल संघों खेलकूद गतिविधियों को संचालित करने हेतु फंड का प्रावधान किया जायेगा ।



**प्रशांत प्रभात तिवारी**
**पूर्व जिला अध्यक्ष**
**शहर एवं ग्रामीण जिला युवक कांग्रेस**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**